an>

Title: Need to construct a rail over bridge at 'Lal Phatak' in Bareilly, Uttar Pradesh. .

श्री धर्मेन्द्र कुमार (आँवला) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं उत्तर प्रदेश के आंवला लोक सभा से आता हूं जो बरेली और बदांयू दोनों की लोक सभा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में बरेली जंक्शन और चनेहटी के बीच एक रेलवे फाटक है, जो लाल फाटक के नाम से जाना जाता है। महोदया, ये राजकीय राजमार्ग है जिससे अलीगढ़, बदांयू, एटावा के लिए पूरा रोड चलता है। इस रोड पर आकाशवाणी, दूरदर्शन, भारत-तिब्बत सीमा सुरक्षा बल का मुख्यालय है, देवचरा धान की मंडी है और तमाम शैक्षणिक संस्थान हैं। चनेहटी माल गोदाम होने की वजह से इस फाटक पर तमाम रेलगाड़ियां शंटिंग होती रहती हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराना चाहता हूं कि वह फाटक बंद होने से बहुत लम्बा जाम लग जाता है, इसलिए उस लाल फाटक पर ऊपरगामी सेतु बनना बहुत आवश्यक है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उस सेतु को शीघ्र स्वीकृत कराने की कृपा करें।